समाचार

29 जुलाई को वार्ड क्र. 05, 14, 26, 39, 45, 52, 58, 61 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 28 जुलाई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 29 जुलाई गुरूवार को वार्ड क्र. 05, 14, 26, 39, 45, 52, 58, 61 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 जुलाई गुरूवार को वार्ड क्र. 05 धनुवारपारा सिंधी मोहल्ला, वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस वार्ड कार्यालय के पास, वार्ड क्र. 26 मुड़ापार आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 39 कैलाशनगर राम मंदिर के पीछे, वार्ड क्र. 45 उड़िया बस्ती सांस्कृतिक मंच, वार्ड क्र. 52 दर्री थाना के पीछे सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 58 इमलीछापर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 61 शांतिनगर सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1494 शिविरों के माध्यम से 76409 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।